# मुख्यमंत्री आज एक्सप्रेस वे की तैयारियां परखेंगे

## निरीक्षण

सुलतानपुर | कार्यालय संवाददाता

सुलतानपुर जिले में 16 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे। उस दिन पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लखनऊ से लेकर आजमगढ़ तक यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। कार्यक्रम स्थल अरवल कीरी करवत में एक्सप्रेस वे पर बनाई गई हवाई पट्टी को वायुसेना के अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया है। गुरुवार को सभा स्थल की तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम जारी रहा। तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सुलतानपुर आएंगे। मुख्यमंत्री एक्सप्रेस वे की तैयारियों का जायजा लेंगे।

सभा स्थल के पास में वीआईपी और सामान्य वाहनों की पार्किंग अलग-अलग बनाई जा रही है। पार्किंग स्थल पर साफ-सफाई और भूमि को समतल किए जाने का काम जारी है। पुलिस अधीक्षक डा. विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि अमहट हवाई पट्टी से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे मार्ग को अभी बंद किए जाने का विचार नही है क्योंकि आम लोगों को शहर से आने जाने का हमारे पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। जनता का रास्ता बंद न होने पाए ऐसा हमारा प्रयास है। बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा की दृष्टि से पांच एसपी, दस अपर पुलिस अधीक्षक, तीस पुलिस उपाधीक्षक दूसरे जिले से आ रहे हैं। सुरक्षा को लेकर कुल 150 सेक्टर बनाए जा रहे हैं। जहां पर पुलिस इंस्पेक्टर तैनान रहेंगे।

## एनएसए अजित डोभाल के भी आने की उम्मीद

कार्यक्रम की तैयारियों की निगरानी के लिए प्रधानमंत्री की केन्द्रीय सुरक्षा टीम को जिले में जल्द पहुंचने की संभावना है। दूसरी ओर 16 नवंबर को युद्धक विमानों के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर प्रदर्शन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार एनएसए अजित डोभाल का दौरा भी कार्यक्रम से पहले होने की संभावना है। वायुसेना ने एक्सप्रेस वे के रनवे को कब्जे में ले लिया है। 12 नवंबर को युद्धक विमानों का ट्रायल होने की संभावना है।